मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-109
03/03/2021

बिहार विधानमंडल परिसर में मुख्यमंत्री ने की पत्रकारों से बातचीत

पटना, 03 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानमंडल परिसर में आज पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने श्री राहुल गाँधी के इमरजेंसी पर दिये गये बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि यह पहले से ही सबको मालूम है कि देश में इमरजेंसी लगाना गलत था। इमरजेंसी के शिकार हम सब लोग हुए थे। हमलोग उस समय युवा अवस्था में थे। उस समय लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के नेतृत्व में पूरे देश में आंदोलन चला था। इमरजेंसी के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की गिरफ्तारी हुयी थी। इस दौरान इमरजेंसी के नाम पर लोगों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया था। इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में देश की जनता ने कांग्रेस को पराजित कर अपना संदेश दे दिया था कि देश कांग्रेस के विरोध में है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के विचारों से प्रभावित होकर देश की सभी विपक्षी पार्टियों ने एक साथ आकर जनता पार्टी का गठन किया था। इसके बाद केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी थी। श्री राहुल गांधी ने आज जो कुछ भी कहा है, यह उनका निजी विचार है।

फिल्म स्टार्स पर आज हुए इनकम टैक्स की रेड को लेकर पूछे गये पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इनकम टैक्स विभाग का मामला है। इनकम टैक्स विभाग को नियम और कानून के तहत अधिकार दिये गये हैं। इसके बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करना उचित नहीं है। बिहार की जेलों में आज एक साथ हुई छापेमारी को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल के अंदर की सभी चीजों पर नजर रखनी जरुरी है। समीक्षा बैठक के दौरान हम इन चीजों की जानकारी लेते रहते हैं कि कहां क्या स्थिति है। जेल का संचालन कैसे हो रहा है, जेल के अंदर क्या गतिविधि चल रही है, इसको कभी–कभी देखना जरुरी होता है। इसी को लेकर जेलों में छापेमारी की जाती है। यह बहुत ही आवश्यक है। छापेमारी के दौरान अधिकारियों के समक्ष जो तथ्य सामने आये हैं, उस पर उपयुक्त कार्रवाई की जायेगी।

******